**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**30.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे**

**''मुख्य समाचार''**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में लोकसभा चुनाव में संविधान और लोकतांत्रिक प्रणालियों में अपना विश्वास दोहराने के लिए देशवासियों का जताया आभार।
- प्रधानमंत्री ने **''एक पेड़ माँ के नाम''** अभियान के माध्यम से लोगों से की पेड़ लगाने की अपील।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने देहरा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में किया चुनाव प्रचार । और
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने सभी से वृक्षारोपण अभियान का हिस्सा बनने और पारिस्थितिकी तंत्र के विकास और संरक्षण के बीच संतुलन बनाने पर दिया बल।

**पीएम–मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में संविधान और देश की लोकतांत्रिक प्रणालियों में अपना विश्वास दोहराने के लिए देशवासियों का आभार व्यक्त किया है। आज आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 2024 का आम चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था जिसमें 65 करोड़ लोगों ने मतदान किया। प्रधानमंत्री ने इसके लिए चुनाव आयोग और मतदान प्रक्रिया में शामिल सभी लोगों को बधाई दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर इस वर्ष शुरू किए गए विशेष अभियान– 'एक पेड़ माँ के नाम' का उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दशक के दौरान भारत में वन क्षेत्र का अभूतपूर्व विस्तार हुआ और अमृत महोत्सव के दौरान देशभर में 60 हजार से ज्यादा अमृत सरोवर भी बनाएं गए।

**पीएम–मन की बात––2**

प्रधानमंत्री ने अगले महीने आयोजित होने वाले पेरिस ओलिंपक के लिए भारतीय दल को अपनी शुभकामनाएं दीं।

योग के बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया ने दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भरपूर उत्साह और उमंग के साथ मनाया।

आकाशवाणी के संस्कृत बुलेटिन के प्रसारण के आज 50 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी परिवार को भी बधाई देते हुए कहा कि संस्कृत की प्राचीन भारतीय ज्ञान और विज्ञान में बड़ी भूमिका रही है।

**पीएम–मन की बात–3**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नालागढ़, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने देहरा और पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर में सुना। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि पीएम मोदी ने विदेशों में भारत की धाक के उदाहरण गिनाए जो कि हमारे

लिए गर्व की बात है। डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि जैसे–जैसे योग दिवस का आयोजन आगे बढ़ रहा है, नए–नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। सांसद अनुराग ठाकुर ने इस अवसर पर भाजपा की ओर से भारतीय दल को ओलंपिक खेलों की शुभकामनाएं भी दीं।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा जिला के देहरा विधानसभा क्षेत्र की धार, भटेहड़, मसरूर और घंगड़ सहित अन्य स्थानों में कांग्रेस प्रत्याशी और उनकी धर्म पत्नी कमलेश ठाकुर के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सहित अन्य भाजपा नेताओं पर झूठी बयानबाजी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता पहले प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने का दावा करते रहे और अब भाजपा की सरकार बनने की नई–नई तारीख देकर हास्यास्पद बयान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक होशियार सिंह को देहरा की जनता को बताने को कहा कि उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा क्यों दिया और दोबारा विधायक बनने के लिए अब क्यों चुनाव लड़ रहे है। उन्होंने भाजपा नेता पर उप–चुनाव का अनावश्यक बोझ डालने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि विधानसभा में कांग्रेस के 38 विधायक है और कांग्रेस मजबूत स्थिति में हैं।

**प्रचार**

हमीरपुर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी करण नंदा ने आज हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी आशीष शर्मा के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश सरकार पर 18 महीने में रिकार्ड कर्ज लेने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हिमाचल पर 85 हजार करोड़ से अधिक का कर्ज हो चुका है और अगले वित्तीय वर्ष से पहले ही कर्ज का आंकड़ा एक लाख करोड़ रुपये हो जाएगा। उन्होंने प्रदेश की आर्थिक स्थिति खराब होने के लिए मुख्यमंत्री को जिम्मेवार बताया।

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने समाज के सभी वर्गों से वृक्षारोपण अभियान का हिस्सा बनने और पारिस्थितिकीय तंत्र के विकास और संरक्षण के बीच संतुलन बनाने पर बल दिया है। सोलन के समीप शमलेच में एक निजी संस्था द्वारा आयोजित वार्षिक वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए उन्होंने ये बात कहीं। राज्यपाल ने कहा कि जलवायु परिर्वतन की चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण अभियान समय की मांग है। उन्होंने कहा कि समाज को वृक्षारोपण के लक्ष्य निर्धारित करने और लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में काम करने की जरूरत है, जिसके लिए जागरूकता के साथ सामुदायिक भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने पहाड़ी राज्य होने के बावजूद प्रदेश में जलवायु परिस्थितियों में तेजी से हो रहे बदलावों पर गहरी चिंता भी जाहिर की।

**आपराधिक कानून**

तीन नए आपराधिक कानून – भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारत साक्ष्य अधिनियम कल से लागू हो जाएंगे। केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ नियमित बैठकें कीं हैं और वे इन कानूनों को लागू करने के लिए प्रौद्योगिकी, क्षमता निर्माण तथा जागरुकता उत्पन्न करने के लिये पूरी तरह से तैयार हैं। ये विधेयक पिछले साल शीतकालीन सत्र के दौरान संसद में पारित किये गये थे। नए आपराधिक कानून भारतीय नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। इन कानूनों का लक्ष्य सभी के लिए अधिक

सुलभ, सहायक और कुशल न्याय प्रणाली बनाना है। इस संबंध में पुलिस और जांच अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। दूरदर्शन और आकाशवाणी के समाचार बुलेटिनों, कार्यक्रमों, चर्चाओं और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के माध्यम से इस विषय पर गहन चर्चाएं और विश्लेषण किए गए हैं।

**मौसम**

प्रदेश में दक्षिणी–पश्चिमी मॉनसून के प्रवेश के साथ ही वर्षा का सिलसिला शुरू हो गया है। प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर वर्षा होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने प्रदेश में 2 जुलाई तक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मॉनसून को देखते हुए राज्य सरकार ने लोगों को सतर्कता बरतने और नदी नालों के नजदीक न जाने की सलाह दी है। बीते वर्ष मॉनसून में हुई भारी बारिश को देखते हुए इस वर्ष सभी विभागों को विशेष सतर्कता बरतने के आदेश दिए गए हैं।

**''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में लोकसभा चुनाव में संविधान और लोकतांत्रिक प्रणालियों में अपना विश्वास दोहराने के लिए देशवासियों का जताया आभार।
- प्रधानमंत्री ने **''एक पेड़ माँ के नाम''** अभियान के माध्यम से लोगों से की पेड़ लगाने की अपील।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने देहरा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में किया चुनाव प्रचार ।

और

- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने सभी से वृक्षारोपण अभियान का हिस्सा बनने और पारिस्थितिकी तंत्र के विकास और संरक्षण के बीच संतुलन बनाने पर दिया बल।

—————————————————